7. प्रजातंत्र सम्बन्धी धारणा गलत – अरस्तू ने प्रजातंत्र को भीड़तंत्र का पर्यायवाची माना है। वह इसे सबसे अधिक अव्यवस्थित और अनियंत्रित भासन समझता है किन्तु वर्तमान समय में प्रजातंत्र का सर्वश्रेश्ठ भाासन पद्धति समझा जाता है। अतः प्रजातंत्र के सम्बन्ध में अरस्तू के विचार उचित नही है।

8. आधुनिक राज्यों पर लागू नहीं – अरस्तू द्वारा प्रस्तुत वर्गीकरण आधुनिक राज्यों के लिए उपयुक्त नहीं है। सीले के अनुसार, श्अरस्तू ने अपने काल के नगर राज्यों का वर्गीकरण किया था, जो आज के राश्ट्रीय एवं बहुराश्ट्रीय तथा विषालकाय राज्यों पर लागू नहीं होता हैं ।

अरस्तू के वर्गीकरण का महत्व – अरस्तू के वर्गीकरण की अनेक आलोचनाओं के बावजूद इस वर्गीकरण का महत्व है। वह सबसे पहला वैज्ञानिक वर्गीकरण है जो आधुनिक वर्गीकरण का मार्ग प्रषास्त करता है । राजनीति चिन्तक गिलक्राइस्ट के अनुसार श्आधुनिक सरकारों के स्वरूप के लिए यह वर्गीकरण पर्याप्त नहीं है, पर आज तक जितने भी वर्गीकरण हुए हैं, उनके लिए ऐतिहासिक उपहार रहा है।

गैरेल के अनुसार, श्अरस्तू का वर्गीकरण अपने पूर्वगामियों के विचारों पर आधारित हैं, परन्तु वह अधिक सही और स्पश्ट है । इसीलिए यह वर्गीकरण बिना किसी तात्विक परिवर्तन के आज तक चला आ रहा है।

अरस्तू के न्याय सम्बन्धी विचार

अरस्तू अपने गुरू प्लेटों की भाँति राज्य के लिए न्याय को आवष्यक मानता है। अरस्तू न्याय की सद्गुणों का समूह मानता है। उसका मत है कि व्यक्ति को न्यायप्रिय होने के लिए यह आवष्यक हैं कि वह समुदाय के अन्य सदस्यों के प्रति अपने नैतिक कर्तव्यों का पालन करें।

अरस्तू ने न्याय के दो रूप बताये हैं– (1) पूर्ण न्याय (2) विषेश न्याय ।

1. पूर्ण न्याय – अरस्तू के अनुसार नैतिक गुणों और चरित्र की श्रेश्ठता को ही पूर्ण न्याय कहा जाता है। इसका अर्थ यह है कि एक व्यक्ति दूसरे व्यक्तियों के साथ अपने सम्बन्धों में नैतिक गुणों का पालन करें। अरस्तू के पूर्ण न्याय की व्याख्या करते हुए कहा जा सकता है कि, श्परिवार में न्याय का अर्थ है स्वामी का दास पर या पति का पत्नि पर या घर के मालिक का सदस्यों पर स्वाभाविक भासन द्य गाँव में न्याय का अर्थ है सबसे सयाने पुरूश द्वारा गाँव के दूसरे लोगों का नेतृत्व । एक सक्षम राज्य में न्याय का अर्थ है षिक्षित, सभ्य और गुणवान व्यक्ति द्वारा अपने व अन्य लोगों पर उचित भाासन की व्यवस्था । श्अरस्तू के अनुसार, पूर्ण न्याय कानूनों के अनुरूप आचरण करने में ही निहित है ।

2. विषेश न्याय – इसका सम्बन्ध सद्गुण और भलाई के विषेश रूपों से है जिनके आध र पर हम दूसरों के साथ न्यायोचित व्यवहार करते हैं। अरस्तू विषेश न्याय को दो भागों में विभाजित करता है– (प) वितरणात्मक न्याय, (2) सुधारक न्याय ।

1. वितरणात्मक न्याय – वितरणात्मक न्याय का अभिप्राय यह है कि राज्य अपने नागरिकों के महत्व और योग्यता को दृश्टि में रखते हुए उनमें राजनीतिक पदों, सम्मानों, अन्य लाभों या पुरस्कारों का बंटवारा न्यायपूर्ण रीति से करे क्योंकि इनके विशम वितरण से राज्य में असन्तोश उत्पन्न हो जाता है, जो क्रांति को जन्म देता है। अरस्तू के भाब्दों में, श्राज्य के उद्देष्य की पूर्ति के लिए किये गये योगदान के अनुपात में प्रत्येक के द्वारा अधिकार की प्राप्ति ही वितरणात्मक न्याय है ।

2. सुधारक न्याय – सुधारक न्याय का अर्थ है– एक नागरिक का दूसरे नागरिक के साथ व्यवहार द्य यह एक नागरिक के दूसरे नागरिक के साथ सम्बन्ध को नियंत्रित करता है तथा राज्य के नागरिकों के पारस्परिक व्यवहार में जो बुराइयाँ उत्पन्न हो जाती है, उन्हें दूर करता है। जैसे– यदि कोई व्यक्ति को हानि पहुँचाता है तो राज्य हानि पहुँचाने वाले पक्ष को दण्डित करके इस त्रुटि को दूर करने का प्रयत्न करता है ।

अरस्तू का आदर्ष राज्य

अरस्तू ने अपनी प्रसिद्ध रचना पॉलिटिक्स की सातवी पुस्तक में आदर्ष राज्य का प्रतिपादनं किया है। इससे पूर्व प्लेटों ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक रिपब्लिक में आदर्ष राज्य का चित्रण किया है जो कि काल्पनिक तथा अव्यवहारिक है। इसीलिए वह अपनी अन्तिम पुस्तक लॉज में उसने एक उपादर्ष राज्य का चित्रण करता है, जिसमें वह दार्षनिक भासक के स्थान पर कानून की ही सर्वोपरि मानता है और यह स्वीकार किया है कि भाासक को भी कानून की अधीनता में रहना चाहिए। इसमें प्लेटों ने साम्यवाद का आदर्ष भी छोड़ दिया है।

अरस्तू ने अपने ग्रंथ पॉलिटिक्स में जिस आदर्ष राज्य का चित्रण किया है उसमें आदर्ष के व्यवहारिक सुन्दरतम् राज्य है। अरस्तू ने अपने रीतिरिवाज व जनमत के महत्व को भी स्वीकार किया है। वह प्लेटों के साम्यवाद को अस्वीकार करते हुए सम्पत्ति व परिवार को आवष्यक और उपयोगी बताता है ।

अरस्तू के आदर्ष राज्य को स्पश्ट करते हुए, प्रो० मैक्लवैन लिखते हैं कि, श्अरस्तू का सर्वश्रेश्ठ राज्य वह है जिसमें अनुकूल स्थितियों के होते हुए तीसरे प्रकरण में प्रतिपादित सिद्धान्त अधिक से अधिक लागू होते हैं। अरस्तू के अनुसार ऐसा राज्य न तो अमीर होगा और न ही गरीब यह बाह्य आक्रमण से सुरक्षित होगा, अधिक धनसंग्रह और व्यापार या सीमा विस्तार की इच्छा से वह दूर होगा। वह एकताबद्ध, धर्मषील, सुसंस्कत व संरक्षणीय होगा। वह महत्वाकांक्षाओं से परे होगा परन्तु विस्ततीत नही । वह एक सुसंगठित छोटा और स्वतंत्र नगर होगा जिसमें सर्वोच्च माक्ति एक अभिजात वर्ग के हाथ में होगी ।

अरस्तू द्वारा प्रतिपादित ष्आदर्ष राज्यष प्लेटों के लॉज मे बताये गये ष्उपादर्ष राज्यष के बहुत निकट है। इस सम्बन्ध में सेवाइन का कथन है कि, श्अरस्तू जिसे आदर्ष राज्य मानता है कि वह प्लेटो का उपदर्ष का द्वितीय सर्वश्रेश्ठ राज्य है । श्इस सम्बन्ध में प्रो० मैक्सी का मत है कि, श्प्लेटों का राज्य अमूर्त विचारों का एक ढाँचा है जिसे यथार्थ रूप दार्षनिक राजा देगा जो अपने सामने वर्तमान समस्त संस्थाओं को जड़ से उखाड़ फेंकेगा और सन्तति भाास्त्र और षिक्षा द्वारा एक निर्दोश सामाजिक व्यवस्था में मनुश्यों की एक नवीन एवं श्रेश्ठतर जाति पैदा करेगा। अच्छी तरह समझा जा चुका है और जिसे कोई भी बुद्धिमान राजनीतिक प्रयोग कर सकता है । तो भी दोनों विचारकों में एक सा ही नैतिक योग हैं, एक

सी ही व्यवस्था की चाह एक सा ही संतुलन का प्रेम, एक न्याय और बुद्धि के प्रति आस्था, एक सा ही षिक्षा मे विश्वास एक सी ही मानवता में आस्था और भाभ जीवन की प्राप्ति के लिए समान चिन्ता दिखाई देती है।

इस प्रकार आदर्ष राज्य के सम्बन्ध में प्लेटों जहाँ अपने विचार समाप्त करता है, अरस्तू वहाँ से प्रारम्भ करता है।

अरस्तू के आदर्ष राज्य की विषेशताएँ

अरस्तू द्वारा प्रतिपादित आदर्ष राज्य की प्रमुख विषेशताओं को निम्नांकित रूपों में देखा जा सकता है––

(1) व्यक्ति का नैतिक विकास अरस्तू के आदर्ष राज्य का लक्ष्य व्यक्ति का नैतिक विकास करना है। चूँकि राज्य सभी समुदायों में सर्वोच्च है, इसलिए इसका उद्देष्य सर्वोच्च हित साधन है। अरस्तू का कथन है कि, श्राज्य जीवन के लिए अस्तित्व में आया और सद्जीवन के लिए विद्यमान है।श यहाँ पर सद्जीवन का अभिप्राय नैतिक जीवन है।

(2) मध्यम वर्ग का सिद्धान्त – अरस्तू अपनी व्यवहारिक बुद्धि के कारण मध्यम मार्ग का अनुसरण करता है। उसका विचार है कि, श्माध्यम मार्ग का अनुसरण करने वाला जीवन ही अनिवार्यतः श्रेश्ठ जीवन है और यह मध्यम मार्ग ही ऐसा है जिसे प्राप्त कर लेना प्रत्येक व्यक्ति के लिए सम्भव है।

अरस्तू यह मानता है कि योग्य सर्वोत्तम भाासन का चुनाव स्वर्णिम मध्यम मार्ग के आधार पर ही किया जा सकता है इस दृश्टि से संवैधानिक तंत्र या सुप्रजातंत्र ही श्रेश्ठ भासन व्यवस्था है जो कि मध्यम वर्ग द्वारा ही चलती है। अरस्तू का मत है कि नगर राज्य में तीन वर्ग होते हैं –

(1) धनी वर्ग, (2) निर्धन वर्ग, (3) मध्य वित्त वर्ग ।

अरस्तू के मतानुसार, संवैधानिक तंत्र एक प्रकार की मिश्रित भाासन प्रणाली है जिसे यह लोकतंत्र व धनिकतंत्र का मेल बताता है। मध्यम वर्गीय राज्य संवैधानिक तंत्र का मूल तत्व सन्तुलन है तथा यह सन्तुलन कुलीनतंत्र तत्व गुण तथा लोकतंत्रीय तत्व संख्या के मध्य स्थापित किया गया है। इन दोनों तत्वों के मेल और मध्यम वर्ग की सुदृढ़ स्थिति पर ही भाासन का स्थायित्व और व्यवस्था निर्भर करती है।

अरस्तू मध्यम वर्ग की प्रधानता के पक्ष में निम्नलिखित तर्क प्रस्तुत करता है

(1) अरस्तू बताता है कि अत्यन्त धनी तथा बलवान व्यक्तियों का झुकाव अपराधों और अत्याचारों की ओर होता है जबकि अत्यन्त निर्धन तथा निर्बल व्यक्तियों की प्रवत्ति धूर्तता तथा तुच्छ अपराधों की ओर होती है। अतः इनकी प्रधानता वाले राज्य दोशपूर्ण होते हैं। प्रत्येक राज्य का उद्देष्य यथासम्भव समान मनुश्यों के समाज की स्थापना करना होता है। मध्यमवर्गीय लोगों की प्रधानता से ही ऐसा सम्भव हो सकता है।

(2) अरस्तू बताता है कि धनी तथा निर्धन दोनों ही वर्गों के लोग मध्यम वर्ग पर समान रूप से विश्वास करते हैं किन्तु वे एक–दूसरे पर विश्वास नहीं करते हैं।

(3) मध्यम वर्ग की प्रधानता वाला नगर सब प्रकार की दलबन्दियों से मुक्त होता है, इसलिए यह अधिक सुरक्षित होता है। साथ ही यह धनी या निर्धन वर्ग को अतिवादी होनें से भी रोकता है। अरस्तू बताता है कि प्राचीन यूनान में सोलन, लाइकरगस आदि श्रेश्ठ नियम निर्माता मध्यम वर्ग में ही उत्पन्न हुए थे। यह भी मध्यम वर्ग की महत्ता का प्रमाण है।

उपरोक्त कारणों से मध्यम वर्ग की प्रधानता वाली भासन व्यवस्था ही सर्वश्रेश्ठ है । मध्यम मार्ग की दृश्टि से व्यवहारिक आधार पर सर्वोत्तम भासन–व्यवस्था संवैधानिक तंत्र या सुप्रजातंत्र (Polity) है। अरस्तू बताता है कि इस मध्यम मार्गी भासन व्यवस्था का एक प्रमुख लक्षण विधि की सर्वोच्चता है।

अरस्तू ने अपने आदर्ष राज्य में भासन सम्बन्धी कार्यों के लिए ही संस्थाओं का उल्लेख असेम्बली यह भ्रासन सम्बन्धी विशयों पर विचार करने के लिए थी। सभी नागरिक इसके सदस्य होते थे ।

मजिस्ट्रेसी यह भ्रासन करने वाले अधिकारियों की संस्था थी ।

न्यायालय और न्यायिक अधिकारी ।

(3) कानून की सर्वोच्चता – अरस्तू ने ष्पॉलिटिक्सष में जिस आदर्ष राज्य का वर्णन किया है. उसकी एक प्रमुख विषेशता कानून की सर्वोच्चता है। अरस्तू कहता है कि, श्ठीक प्रकार से बनाये गये कानून ही अन्तिम प्रभु होने चाहिए। इस व्यक्ति का या कुछ व्यक्तियों का भासन केवल उन्हीं विशयों में सर्वोच्चता होना चाहिए, जिनमें कानून ने कोई स्पश्ट घोशणा न की हो ।श वह तर्क देता है कि, ”व्यक्ति के भ्रासन की तुलना में विधि का भ्रासन श्रेयस्कर है, क्योंकि विधि ऐसा विवेक है जिस पर व्यक्ति की इच्छा का प्रभाव नहीं पड़ता है ।

अरस्तू बताता है कि समाज में रीति–रिवाज हमारी संचित बुद्धि है। रीति–रिवाजों का प्रादुर्भाव ही अच्छे जीवन को प्रतिश्ठित करने के लिए होता है, इसलिए वे विधि, विवेक और नैतिकता के पर्यायवाची है। जिस समाज में कानूनों की प्रधानता होती है वह समाज स्वयंसेवी सर्वोत्कृश्ट उद्देष्यों की प्राप्ति करता है कि कानून के भासन का सर्वप्रमुख गुण यह है कि कानून सबके साथ समान व्यवहार करता है ।

अरस्तू यह मानता है कि यह सम्भव है कि कानून के कठोर भासन से कुछ अन्याय हो, किन्तु यह व्यक्ति की निरंकुष व स्वच्छ इच्छा से होनें वो अन्याय से कम होगा। सेवाइन के अनुसार, श्अरस्तू का आदष सदैव ही संवैधानिक भ्रासन रहा है। निरंकुष राज्य नहीं चाहे वह दार्षनिक राजा का निरंकुष राज्य ही क्यों न हो। अरस्तू आरम्भ से ही इस विचार का प्रतिपादन करता है कि श्रेश्ठ राज्य में अन्तिम सम्प्रभु कानून ही होना चाहिए, कोई व्यक्ति नहीं । उसने इस बात को मानवीय दुर्बलता के प्रति रियायत के रूप में नहीं, वरन् अच्छे भासन के अनिवार्य अंग के रूप में और इस प्रकार एक आदर्ष राज्य के रूप में स्वीकार किया है।

(4) जनसंख्या – अरस्तू के अनुसार, आदर्ष राज्य की जनसंख्या न तो बहुत अधिक होनी चाहिए और औ न ही कम । अरस्तू का मत है कि यदि राज्य की जनसंख्या बहुत अधिक होगा तो राज्य में कानून व्यवस्था रखना कठिन हो जायेगा। साथ ही राज्य में सावयवी एकता स्थापित नहीं हो सकेगी जो उसको राजत्व का रूप देती है। दूसरी ओर जनसंख्या कम होने पर राज्य आत्मनिर्भर नहीं हो सकेगा तथा बाहरी भानुओं से अपनी रक्षा भी नहीं कर सकेगा। अरस्तू ने प्लेटों की तरह कोई जनसंख्या निष्चित नहीं की है। अरस्तू का मत है कि राज्य की अधिकतम् संख्या उतनीही होनी चाहिए, जितनी राज्य की आवष्य कतायें पूरी कर उसे आत्मनिर्भर बनाने के लिए पर्याप्त हो ।

कृकृ अरस्तू अपने आदर्ष राज्य में जनसंख्या के आकार पर ही नहीं वरन् लोगों के गुणों व चरित्र पर भी बल देता है। वह कहता है कि, राज्य की महानता का आधार उसके प्रजातंत्र की संख्या नहीं है वरन् उसका मानदण्ड उसकी क्षमता है ।श

(5) प्रदेष – अरस्तू के अनुसार आदर्ष राज्य का प्रदेष इतना होना चाहिए कि उसमें जीवन की आवष्यकतायें पूर्ण हो सकें और उस पर निवार्स करने वाली संयम और उदारतापूर्ण जीवन बिता सके। इस प्रकार अरस्तू का मत है कि प्रदेष न तो इतना कम हो कि लोगों की आजीविका कठिन हो जाये और न इतना अधिक होना चाहिए कि लोग विलासी जीवन व्यतीत करने लगे ।

अरस्तू का मत है कि राज्य का क्षेत्र व उसकी सीमायें ऐसी होनी चाहिए, जिसमें भात्रुओं का –प्रवेष करना कठिन हो तथा जिसकी रक्षा सम्भव हो सके। इसके अतिरिक्त, राज्य ऐसे स्थान पर होना चाहिए, जहाँ जल और स्थल दोनों मार्गों से आसानी से पहुँचा जा सके। तभी राज्य का विकास एक व्यापारिक केन्द्र के रूप में सम्भव हो सकेगा।

( 6 ) नागरिकों का चरित्र

अरस्तू का विचार है कि एक राज्य का चरित्र उसके नागरिकों के चरित्र पर निर्भर है, इसलिए वह अपने राज्य के नागरिकों के चरित्र पर बहुत बल देता है। अरस्तू का मत है कि बुद्धिमता, साहस और उत्साह के मेल से ही नागरिक अपना राजनीतिक विकास कर सकते हैं। वह कहता है कि चरित्र और योग्यता में जनता यूनानियों के समान होनी चाहिए, जिनमें उत्तर जातियों के उत्साह और एषियाई जातियों की बुद्धिमता का मेल है।

(7) राज्य की स्थिति – अरस्तू का मत है कि आदर्ष राज्य का प्रदेष दो भागों में बँटा होना चाहिए–– (1) विषेश बस्ती या नगर, (2) इसके चारों और का प्रदेष । आदर्ष राज्य मे सार्वजनिक स्वास्थ्य, राजनीतिक सुविधा तथा सैनिक आवष्यकताओं को ध्यान मे रखकर ही बस्ती का स्थान निष्चित करना चाहिए। बस्ती में पूजाग्रह, पार्क, व्यायामषालाएं, बाजार बन्दरगाह और सार्वजनिक स्थान होने चाहिए।

8. राज्य मे विभिन्न वर्ग – अरस्तू के विचार सुस्पश्ट, आदर्ष राज्य के नागरिकों की प्रमुख आवष्यकतायें 6 हैं– भोजन, कला–कौषल, हथियार, सम्पत्ति, सार्वजनिक देव पूजा तथा सार्वजनिक हित का निर्धारण, इन आवष्यकताओं की पूर्ति के लिए राज्य में 6 वर्ग होंगे–

कशक, षिल्पी, योद्धा, व्यापारी, पुरोहित, तथा सार्वजनिक हित का निर्धारण अर्थात प्रषासक

उपर्युक्त 6 वर्गों में से प्रथम दो वर्गो को अरस्तू नागरिकता का अधिकार प्रदान नहीं करता है। क्योंकि उनका जीवन सद्‌गुणों नहीं होता है। भोश चार वर्गों को अरस्तू राज्य का नागरिक मानता है। उसका मत है कि अन्य चार वर्गों के नागरिक युवावस्था में देष की रक्षा का कार्य करें, प्रौढ़ावस्था में राज्य के भाासन सम्बन्धी विशयों का चिन्तन करें तथा वष्द्धावस्था में पुरोहित का कार्य करे।

प्लेटो ष एक व्यक्ति एक कार्य की बात करता है तो अरस्तू एक ही व्यक्ति को उसकी अवस्था के अनुसार तीन कार्य देता है। इसे स्पश्ट करते हुए डर्निंग ने लिखा है, श्नागरिकता के विभिन्न कार्यो को करते हुए नागरिक लोग उस समानता को बनाये रखेंगे जो स्वतंत्र नागरिक की विषेशता है। साथ ही मासक और षामिल दोनों रूपों में अनुभव प्राप्त करके, चे नागरिक के चरित्र का निर्माण करेंगे ।

9. षिक्षा

अरस्तू अपने गुरु प्लेटों की तरह षिक्षा को राज्य का मुख्य आधार मानता है। उसका मत है कि आदर्ष राज्य मे नागरिकों के लिए एक ही प्रकार की अनिवार्य तथा सार्वजनिक षिक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए। अरस्तू का मत है कि नागरिकों का चरित्र पूर्ण रूप से उनकी षिक्षा पर निर्भर करता है ।

अरस्तू ने मानवीय विकास के स्वाभाविक क्रम को ध्यान में रखते हुए षिक्षा को तीन स्तरों में विभाजित किया है–

प्रथम स्तर

जन्म से 7 वर्श की आयु तक भारीर सम्बन्धी षिक्षा होनी चाहिए। यह षिक्षा घर पर ही होनी चाहिए।

द्वितीय स्तर –

7 वर्श से 14 वर्श की आयु तक की षिक्षा राज्य के नियंत्रण में होनी चाहिए। इस आयु में पढ़ाई लिखाई, चित्रकला, संगीत और व्यायाम की षिक्षा दी जायेगी ।

तष्तीय स्तर

14 से 21 वर्श तक की आयु में राज्य की सेवा के लिए प्रषिक्षण प्रदान किया जाता है। इस समय उन्हें आज्ञापालन करने और भासन करने की षिक्षा प्रदान की जाती है। इस काल में बौद्धिक षिक्षा व व्यापार की षिक्षा भी प्रदान की जायेगी ।

10. सम्पत्ति अरस्तू अपने आदर्ष राज्य के नागरिकों के लिए व्यक्तिगत सम्पत्ति आवष्यक मानता है। इसीलिए वह प्लेटो द्वारा प्रतिपादित सम्पत्ति के साम्यवाद का विरोध करता है । वह यह मानता है कि सम्पत्ति का विशम वितरण राज्य के हित पर प्रतिकूल प्रभाव डालता

है। इसलिए वह सम्पत्ति की विशमता को दूर करने के लिए निम्नलिखित तीन विकल्प प्रस्तुत करता है।–

1 सम्पत्ति वैयक्तिक हो, किन्तु इसका उपभोग सामूहिक हो ।

2 सम्पत्ति सामूहिक हो, किन्तु इसका उपभोग वैयक्तिक हो,

3 सम्पत्ति सामूहिक हो तथा इसका उपभोग भी सामूहिक हो ।

अरस्तू इनमें से प्रथम विकल्प को अपनाने के पक्ष में है। उसका मत है कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी भूमि पर दासों की सहायता से कृशि कार्य करेगा। चूँकि उत्पादन वैयक्ति होना अतः सभी व्यक्ति अधिकाधिक उत्पादन का प्रयत्न करेंगे तथा उपभोग सामूहिक होने पर समाज में समानता और भाई–चारे को अपनाया जा सकेगा।

अरस्तू का आदर्ष राज्य भी दोशमुक्त नहीं है। इसकी आलोचना निम्नलिखित आधारों पर की जा सकती है–

1.अरस्तू ने अपने आदर्ष राज्य में दास प्रथा को बनाये रखा है, यह अनुचित है।

2• अरस्तू समाज के भाारीरिक श्रम और षिल्पकार व कृशकों की उपेक्षा करता है तथा उन्हें नागरिकता के अधिकार से वंचित करता है। उसके ये विचार आधुनिक प्रजातांत्रिक तथा समाजवादी दृश्टिाकेण के विपरीत है।

अरस्तू द्वारा स्त्रियों को नागरिकता का अधिकार प्रदान करना, उसकी एक बहुत बड़ी

अरस्तू की यह धारणा कि यूरोप और एषिया के लोगों में भासन करने की क्षमता नहीं है, यह क्षमता केवल यूनानियों में है, गलत है तथा उसकी जातीय अहंकारिता को स्पश्ट करती है । अरस्तू का यह कहना वास्तविकता से परे हैं कि युवावस्था में सैनिक सेवा करने वाले प्रौढ़वस्था मे भाासक और न्यायाधीष का कार्य करेंगे !

5.उपर्युक्त आलोचनाओं से स्पश्ट है कि अरस्तू ने अपने विचारों में यथार्थवाद का तो चित्रणकिया है किन्तु आदर्षवाद कहीं दिखाई नहीं देता है। सेवाइन के अनुसार, श्एक आदर्ष राज्यकी रचना करने का अरस्तू का घोशित उद्देष्य कभी पूरा नहीं हुआ और पाठक यह अनुभवकरता है कि इस कार्य मे उसकी अधिक रुचि नहीं थी । उसने राज्य के आदर्शो के ऊपरएक पुस्तक लिखी है, एक आदर्ष राज्य के ऊपर नहीं।

अरस्तू के आदर्ष राज्य का महत्व

उपरोक्त आलोचनाओं से यह नहीं समझ लेना चाहिए कि अरस्तू का आदर्ष राज्य बिल्कुल ही महत्वहीन है। अरस्तू एक यथार्थवादी विचारक है। वह प्लेटो की तरह कल्पना की उड़ान नहीं भरता है वरन् अपने समय की परिस्थितियों को देखते हुए कैसा सर्वोत्तम राज्य उपलब्ध हो सकता है, उसी का उल्लेख करता है। अरस्तू के षिक्षा सम्बन्धी विचार, नागरिकों का चरित्र, कानून की सर्वोच्चता पर बल आदि विचार महत्वपूर्ण है। उसके आदष राज्य में किसी भी रूप में नागरिकों के हितों और इच्छाओं की अवहेलना नहीं की गई हैं। अरस्तू के आदर्ष

राज्य में राज्य के श्रेश्ठ जीवन तथा व्यक्ति के श्रेश्ठ जीवन मे कोई अन्तर नहीं है और इस दृश्टि से यह नितान्त आवष्यक है।

सिनक्लेयर के अनुसार, श्आदर्ष राज्य और सर्वश्रेश्ठ संविधान पर विचार करते समय अरस्तू केवल इतनी स्वतंत्रता लेता है कि वह एक ऐसे सर्वश्रेश्ठ राज्य की कल्पना कर सके. जो सम्भावना की सीमा से परे न हो।

अरस्तू का आदर्ष प्लेटों के विचारों से प्रभावित है। सेवाइन के भाब्दो में, श्अरस्तू का राजनीतिक आदर्षो का सिद्धान्त उस भूमि के ऊपर आधारित है जो कि उसने स्पश्टतः प्लेटो के साथ अपने संसर्ग से प्राप्त की थी। यह उस प्रयास का परिणाम है जो कि उसने –स्टेट्समैन और लॉज में प्रतिपादित सिद्धान्त के मुख्य तत्वों को ऐसे परिवर्तनों के साथ जो कि उस सिद्धान्त को स्पश्ट एवं संगतिबद्ध बनाने के लिए अपेक्षित थे, ग्रहण करने की क्रिया है ।

इस सम्बन्ध में बार्कर का कथन है कि, श्यह एक विलक्षण और संकेतपूर्ण तथ्य हैं कि अपने सर्वोत्त्म को अंकित करने मे उसने प्लेटो के द्वितीय सर्वोत्तम उप–आदर्ष राज्य का अनुसरण किया है।

अभ्यास–प्रष्न

1. अरस्तु का संक्षिप्त जीवन परिचय दीजिये ।

2. अरस्तु प्रथम राजनीतिक वैज्ञानिक था । समीक्षा कीजिए ।

3. अरस्तु के दासता संबंधी विचारों का वर्णन कीजिये ।

4. क्रांतियों के कारणों तथा उनके प्रतिकार के उपायों के संबंध में अरस्तु की धारणाओं की

विवेचना कीजिये ।

5. अरस्तु के अनुसार राज्य के कार्य एवं उद्देष्य क्या है ?

6. अरस्तु द्वारा किये गये संविधानों के वर्गीकरण पर प्रकाष डालिये।

7. अरस्तु के न्याय संबंधी विचारों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये। 8. आदर्ष राज्य के सम्बन्ध में अरस्तु के विचारों की समीक्षा कीजिये ।

# माड्यूल – 2 पश्चिमी राजनीतिक विचारक

## इकाई – 4 मैकियावली का जीवन परिचय

यूरोप के इतिहास में दो ऐसे आन्दोलन हुए जिनके परिणामस्वरूप मध्ययुग का पटाक्षेप हो गया है और आधुनिक युग का सूत्रपात हुआ । इनके नाम हैंरू पुनर्जागरण (त्मदवनेंदबम) और ᵐ सुधार आन्दोलन ( त्मवितउंजपवद)। मध्ययुग की संस्कृति ने उन विचारों को आत्मसात कर लिया था जो रोमन साम्राज्य व्यवस्था में निहत थे, और कई ऐसे विचारों को भी जो यूनानी दर्षन में व्यक्त हो चुके थे । मध्ययुग एक ऐसा विश्वव्यापी समाज था, जिसके ऊपर दो विभिन्न भाक्तियों का प्रभुत्व था, एक पोप, तथा दूसरा सम्राट मध्ययुग में यह सामान्य विश्वास था कि विश्व में मानव का स्थान निष्चित करेन तथा उसके नैथ्तक कर्तव्यों की परिभाशा करने वाली अग्रिम तथा सर्वोच्च भाक्ति चर्च है । इसका अर्थ न केवल यह था कि आस्था तथा ईश्वर द्वारा प्रेशित ज्ञान तर्क से श्रेश्ठतर है, बल्कि इसका मतलब यह भी था कि मनुश्य के सांसारिक हित आध्यात्मिक लक्ष्य के अधीन है। भौतिक भावित की आध्यात्मिक भाक्ति के प्रति यह अधीनता अर्थात सम्राट पर धर्माधिकारी का यह प्रभुत्व मध्यकालीन सभ्यता तथा संस्कृति की प्रमुख विषेशता थी पुनर्जागरण प्राचीन काल के बहुदेववाद का पुनरुत्थान था। यह उस प्राचीन संस्कति के पुर्नजन्म का द्योतक है जो मसीही धर्म के विजय के बाद लुप्त हो गयी थी । पुनर्जागरण में जो तत्व उभरकर सामने आये, उनमें प्रमुख स्थान यूनानी कला का था, यूनानी दर्षन का नहीं रोमन गणराज्यों के विचारों का था, रोमन साम्राज्य के विचारों का नहीं। यह यूरोप के लोगों में बहुदेववादी भावना पुनरुत्थान का द्योतक भी था, जो मध्ययुग की ईसाई संस्क ति के अविर्भाव से दब तो गयी थी, पर लुप्त नहीं हो पायी थी। अब लोगों के मन में प्राचीन विचारकों की प्रति एक नयी जिज्ञासा जागष्त हुई क्योंकि इनमें कुछ ऐसे विचार थे जिनके प्रति वे अपनेआपको सजग अनुभव करते थे। 14वीं भाताब्दी में पोपतंत्र तथा साम्राज्य के बीच चलने वालेसंघर्श में से एक नवीन दृश्टिकोण का जन्म हुआ जो अरस्तु की भावना से भरा था और जो इस बात पर जोर देता था कि राज्य एक स्वपर्याप्त संस्था है और चर्च से स्वतंत्र है। इस विचारधारा को हम मार्सिलियो ऑफ पेडुआ में चरम सीमा पर पहुंचते हुए पाते हैं। उसकी अन्तिम विजय का अर्थ था नवीन धर्म–निरपेक्ष राज्य की विजय, जिसका 14वीं एवं 15वीं भाताब्दी में धीरे धीरे उदय हो रहा था। यहीं से मध्ययुग का अन्त तथा आध निक युग का जन्म होता है जो राश्ट्रवाद की भावना तथा व्यक्ति की स्वतंत्रता पर जोर देता है। दूसरी ओर, धर्म सुधार का आन्दोलन ऐसा था जो स्वयं मसीही धर्म के भीरत आया था। यह मसीही धर्म विरोधी नहीं था । इसका ध्येय यह बताया जाता था कि मसीही धर्म में जिन बाहरी तत्वों का घालमेल हो गया है, उन्हें निकाल कर इसे भाद्ध कर लिया जाये। अतः पुनर्जागरण और धर्म सुधार उन प्रमुख दो भाक्तियों के द्योतक हैं जिन्होंने मध्यकालीन यूरोप को आधुनिक यूरोप में परिवर्तित कर दिया। मैकियावली इन्हीं में से एक भाक्ति का प्रतिनिधि है। राजनीतिक सिद्धान्त के क्षेत्र में वह पुनर्जागरण का प्रतिनिधि है ।

### जीवन परिचय



मैकियावली का जन्म पुनर्जागरण की जन्मभूमि इटली में पुनर्जागरण आन्दोलन में अग्रणी रहे फ्लोरेन्स नगर के एक सम्पन्न परिवार में सन् 1469 में हुआ। उच्च षिक्षा से वंचित रहने के कारण 25 वर्श की अवस्था में अपने गणराज्य के एक छोटे से पद पर आसीन होकर उसने अपने राजनीतिक जीवन का प्रारम्भ किया । अपनी सूझबूझ और भासन संचालन की

बारीकियों को समझने की अद्भुत क्षमता के कारण थोड़े से समय में ही उच्च राजनीतिक पद प्राप्त करने में सफल हो गया।

शासकीय पद युद्ध तथा आन्तरिक मामलों से सम्बन्धित था। 1512 तक मैकियावली इसी पद पर बना रहा। इसी बीच उसे फ्लोरेन्स का दूत बनकर इटली एवं अन्य यूरोपीय देषों में भ्रमण का अवसर भी हुआ, जिससे उसको सक्रिय राजनीति का व्यापक एवं व्यवहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। 1509 के बाद जब रेवेन्ना में स्पेन के हाथों फ्रांस पराजित हो चुका था इटली में दीची का दल सत्तारूढ़ हुआ । कुछ वर्श बाद 1512 में फ्लोरेन्स ने भी तत्कालीन सरकार से पदच्युत करके सत्ता विजयी दल को सौंप दी, हांलाकि इस देष ने युद्ध में हिस्सा नहीं लिया था। मैकियावली की नौकरी छूट गयी और उसे फ्लोरेन्स से निश्कासित कर दिया गया। अगले वर्श पाया गया कि एक शड़यंत्र में उसका हाथ रहा था जो असफल हो चुका था। उसे बंदी बना लिया गया, यातनाएँ दी गयी, पर अन्त में उसे रिहा कर दिया गया। वह गाँव चला गया जहाँ वह अपना समय खेती–बाड़ी और साहित्य के अध्ययन में बिताने लगा। अपनी सबसे महत्वपूर्ण कृतियाँ उसने इसी दौर में प्रस्तुत की ।

राजनीतिक सिद्धान्त की दृष्टि से मैकियावली की दो क तियाँ सबसे महत्वपूर्ण हैं रू डिसकोर्सेज आन द फर्स्ट टेन बुक ऑफ टीटस लिवियसष और ष्द प्रिंसष । षडिसकोर्सेजष के अन्तर्गत रोमन गणराज्य के इतिहास की स्वतंत्र काव्य प्रस्तुत की गयी। मैकियावली ने उससे कुछ षिक्षाएँ ग्रहण की है और अपने युग के मार्गदर्षन के लिए सूत्र निर्दिश्ट किये है। ष्द प्रिंसष ऊर्बिनों के ड्यूक लोरेंजों को लक्ष्य करके लिखी गयी है। ष्द प्रिंसष की रचना 1513 के अंत में सम्पन्न हुई। षडिसकोर्सेजष की रचना पहले प्रारम्भ की गयी थी, परन्तु वह बाद में पूरी हुई। मैकियावली की पुस्तके एक ही विशय के विभिन्न पहलुओं को प्रकट करती है। मैकियावली का प्रतिपाद विशय है कि राज्यों का उत्थान एवं पतन कैसे होता है तथा राजनेता उन्हें किन साधनों के द्वारा स्थायी बना सकता है। प्रिंस में राजतंत्रों अथवा निरंकुष भाासन प्रणालियों पर विचार किया गया है। मैकियावली के भोश जीवन का कोई विषेश महत्व नहीं है। लोरेंजो ने उसकी आषाओं पर पानी फेर दिया, न उसका कुछ बना न इटली का । मैकियावली ने जो अन्य ग्रंथ लिखे उनमें ष्आर्ट ऑफ वारष और षहिस्ट्री ऑफ फ्लोरेन्सष प्रमुख हैं। 1521 से उसे मेदीची ने छोटी–मोटी राजनैतिक नौकरी पर रखा। उसकी मृत्यु 1527 में हुई । .

मैकियावली के चिन्तन पर उसके समय की परिस्थितियों का गहरा प्रभाव पड़ा। वैसे तो प्रत्येक विचारक के विचार अपने देष और काल के रंग में रंगे होते हैं किन्तु यह रंग मैकियावली पर सबसे गहरा चढ़ा हुआ दिखाई पड़ता है। यह कहा जाता है कि इटली की दषा के बारे में इतना अधि एक किसी अन्य व्यक्ति को मालूम नहीं था, जितना कि मैकियावली को था। इसमें कोई सन्देह नहीं कि यदि वह भिन्न परिस्थितियों में रहता तो उसके विचार एवं क तियाँ भिन्न होती । मैकियावली पर अपेन युग की परिस्थितियों के गहरे प्रभाव को देखकर ही डर्निंग ने उसके सम्बन्ध में कहा कि, ष्यह प्रतिभा सम्पन्न फ्लोरेन्स निवासी वास्तविक अर्थ में अपने युग का षिषु था। अतः मैकियावली के चिन्तन को समझने के लिए उसके युग के उन पोशक तत्वों और उपलब्ध परिस्थितियों का अध् ययन आवष्यक है, जिन्होंने उसके चिन्तन को प्रभावित किया। जिन बातों ने मैकियावली के ऊपर सबसे गहरा प्रभाव डाला और उसके दर्षन की रूपरेखा निर्धारित की, उन्हें हम निम्नलिखित भीर्शकों के अन्तर्गत रख सकते हैं रू–

(1)पुनर्जागरण आन्दोलन

(2)निरंकुष राजतंत्रों का उदय

(3) इटली का राजनैतिक विभाजन और दुर्दषा

पुनर्जागरण आन्दोलन ने ईश्वर की अपेक्षा मनुश्य के अध्ययन को महत्वपूर्ण बनाया और मनुश्यों के पारस्परिक सम्बन्ध, आत्मा तथा परमात्मा के सम्बन्ध की अपेक्षा अधिक रूचि के केन्द्र बन गये । मध्यकाल की पारलौकिकता के स्थान पर अब मानव समस्याओं का अध्ययन तथा उनका हल निकालने का प्रयत्न होने लगा। प्राचीन अति– प्राकृतिक (Supra & Nature) विचार का स्थान एक मानवीय तथा प्राकृतिक विचार ने ले लिया। जीवन में v kUnksy u (Struggle) पर अधिक जोर दिया जाने लगा। इसी लोक में सफलता प्राप्त करना मोक्ष प्राप्ति से अधिक महत्वपूर्ण समझा जाने लगा। पुनर्जागरण ने इहलोक को अपना केन्द्र बिन्दु बनाया और यूनानी सोफिस्टों की इस युक्ति को अपनाया कि मनुश्य ही प्रत्येक वस्तु का मापदण्ड है। कुल मिलाकर पुनर्जागरण का अर्थ था चर्च के नियंत्रण के विरूद्ध धर्म निरपेक्ष बुद्धि का विद्रोह । मैकियावली की क तियों में पुनर्जागरण युद्ध की वास्तविक स्थिति के दर्षन होते हैं । व्यक्ति का महत्व और उसका सौन्दर्य व्यतित्क का असीमित विकास और उसका पूर्वत्म जन्म के आधार पर व्यक्ति को उच्च मानने की प्रवष्त्ति का तिरस्कार, बौद्धिक तर्कवाद और सांसारिक मर्यादा का निरूपण, उदगमनात्मक, पद्धति का अनुसरण, राश्ट्रीयता की भावना का नेत त्व तथा पारलौकिक के स्थान पर लौकिक उद्देष्यों की उपलब्धि का औचित्य आदि इतने सारे तथ्य हैं जिनका समर्थन मैकियावली ने अपने विचारों और क तियों में किया है। ये सारे सिद्धान्त पुनर्जागरण की देन है ।

पुनर्जागरण काल भारी राजनीतिक उथल–पुथल का दौर था । भाासन एवं भाासन सम्बन्ध विचारों में विपुल परिवर्तन हुए। मध्ययुगीन सामन्तवादी व्यवस्था अपनी उपयोगिता खोती जा रही थी। नये उभरते हुए राजवंषों की भाक्ति में अतुलनीय वष्द्धि हुई। सभी राज्यों में राजा ने सामन्तों का दमन करके भाक्तिषाली एवं निरंकुष राजतांत्रिक व्यवस्था स्थापित की। पष्चिमी यूरोप के प्रत्येक भाग में राजा की भाक्ति में अतुलनीय वष्द्धि हुई। सभी राज्यों में राजा की भाक्ति अन्य प्रतियोगी संस्थाओं के मूल्य पर बढ़ी। ये प्रतियोगी संस्थाएं कुलीन वर्ग, संसदे, स्वतंत्र नगर अथवा धर्माचार्य आदि थे। राजनैतिक भाक्ति जो मुख्य रूप से सामन्तों एवं निगमों में विभक्त थी, भीघ्र ही राजा के हाथों में केन्द्रित हो गयी। सोलहवीं भाताब्दी में एक ऐसे प्रभु का सिद्धान्त जो समस्त राजनैतिक भाक्ति का स्त्रोत है, राजनीतिक दर्षन का सामान्य रूप बन गया। निरकुंष राजतंत्रों की स्थापना नये आर्थिक परिवर्तनों की भी मांग थी।

यूरोपीय समाज में अनेक वर्शों से होते आ रहे आर्थिक परिवर्तनों ने एकदम से सामूहिक परिणय उपस्थित किया। इनके कारण मध्ययुग की संस्थाओं में आमूल परिवर्तन हुआ।

सार्वभौम चर्च एवं सार्वभौम साम्राज्य के सिद्धान्तों के बावजूद ये संस्थाएं इस तथ्य पर आधारित थी कि मध्ययुगीन समाज का आर्थिक ढांचा और राजनैतिक संगठन पूरी तरह स्थानीय था ।

यह परिवहन के साधनों की सीमाओं का अनिवार्य परिणाम था । कोई विषाल स्वतंत्रता देता हो । वाणिज्य भी मुख्य रूप से स्थानीय ही था । मध्ययुग में वाणिज्य संगठन की इकाई नगर था। 14वीं भाताब्दी में धन का प्रयोग या संचरण बहुत अधिक नहीं था। संचार साधनों के विकास के साथ–साथ वाणिज्य में हुए परिवर्तनों एवं व्यापार वषृद्धि ने पुरानी व्यापारिक श्रेणियों की उपयोगिता को नश्ट कर दिया क्योंकि वे निरन्तर बढ़ते व्यापार का सफल संचालन करने में असमर्थ थी । सोहलवी भाताब्दी तक सम्पूर्ण राज्य सरकारों ने राश्ट्रीय संसाधनों का उपयोग करने, राज्य के भीतर में और बाहर वाणिज्य को प्रोत्साहन देने और राश्ट्रीय भाक्ति के विकास की एक जानी–बूझी नीति अपना ली थी। रोम के साम्राज्य के बाद यह पहला अवसर था जबकि यूरोपीय समाज में धनी और उद्यमी दोनों प्रकार के व्यक्ति काफी अधिक संख्या में थे। यह वर्ग कुलीनों का और उनके द्वारा प्रस्तुत विभाजनों एवं अव्यवस्थाओं का घोर विरोधी था । उनके हित राज्य के भीतर एवं बाहर दोनों स्थानों पर सषक्त सरकार के साथ थे । इसीलिए इनकी राजनैतिक संधि सवभावतः राजा के साथ थी। नया उभरता हुआ व्यापारी वर्ग अपेन व्यापार के स्थायित्व एवं सुरक्षा के लिए भाक्तिषाली राजतंत्रों की स्थापना में सहायता देने लगा द्य फलस्वरूप कुलीन वर्ग का समाज में महत्व घटने लगा और व्यापारी वर्ग का प्रभुत्व बढ़ने लगा । राजा भी देष की समषृद्धि में वषृद्धि के लिए व्यापारियों को सहायता एवं संरक्षण देने के पक्ष में थे। कुल मिलाकर हवा भाक्तिषाली राजतंत्रों की स्थापना के पक्ष में बहने लगी । मेकियावली इसेस बहुत प्रभावित था । षप्रिंसष में उसने जिस भाासक की कल्पना की है वह और कोई नहीं, निरंकुष भाक्तिषाली राजा ही है, जिसके लिए धर्म, नैतिकता और राजनीति सभी का महत्व केवल राज्य के गौरव और भाक्ति बढ़ाने के साधन के रूप में है। राज्य का हित उसके लिए सर्वोपरि हित है तथा राज्य की सुरक्षा और विस्तार उसके लिए बड़े महत्व की वस्तुएँ। वह इस उद्देष्य की प्राप्ति के लिए नैतिक–अनैतिक, धर्म–अधर्म आदि किसी भी साधन को प्रयोग में लाने के लिए स्वतंत्र है।

मैकियावली के समय इटली पांच राज्यों––

1– नेपल्स का राज्य, 2– रोमन कैथोलिक चर्च का क्षेत्र, 3–उची ऑफ मिलान, 4–– वेनिस गणराज्य तथा 5 फ्लोरेन्स गणराज्य में बंटा था जबक इंगलैण्ड, फ्रांस और स्पेन राश्ट्रीय राज्यों के रूप में स्थापित हो चुके थे। इटली के पांचों राज्य आन्तरिक रूप से राजनीतिक प्रतिस्पर्धाओं तथा व्यक्तिगत महत्वकांक्षाओं के गढ़ थे और बाहरी रूप से ये निरन्तर एक दूसरे के साथ संघर्श करते रहते थे। इटली का तात्कालिक समाज अरस्तु के इस कथन को कि शविधि और न्याय से प थक मनुश्य समस्त प्रजातियों से निकटतम होता हैश सार्थक सिद्ध कर रहा था। मैकियावली को इटली के इस कलहपूर्ण विभाजन से इस बात की आकांक्षा थी कि इसका लाभ उठाते हुए इटली के पड़ोसी राज्य उसको कभी भी हड़प सकते हैं और उसके अस्तित्व को समाप्त कर सकते हैं। वह चाहता था कि राश्ट्रीय राज्यों की तरह इटली का भी राश्ट्रीय आधार पर एकीकरण हो और वह भी किसी भाक्तिषाली भासक के अधीन अपना स्वतंत्र विकास करनेमें सफल हो सके। इटली की इस राश्ट्रीय आवष्यकता को सर्वप्रथम मैकियावली ने ही महसूस किया और उसके लिए इटली के भाासकों का आह्वान किया कि वे मिलकर एक भाक्तिषाली तथा सुद ढ़ इटैलियन राश्ट्र का निर्माण करें और इटली को उसकी वर्तमान दुर्दषा से मुक्ति दिलायें। मैकियावली ने अपनी अन्तदृश्टि से राश्ट्रवाद के भावी विकास और महत्व को पहचाना और इटली के राश्ट्रवाद के अग्रदूत होने का श्रेय प्राप्त किया। इस ओर संकेत करते हुए सेबाइन का कथन है कि श्मैकियावली के

अतिरिक्त और कोई व्यक्ति इटली को नहीं पहचान सका । उसके अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति को सम्पूर्ण यूरोप में चलने वाले इस विकास क्रम का स्पष्ट ज्ञान नहीं हो पाया।श अतः इटली के राष्ट्रीय एकीकरण की समस्या ने भी मैकियावली को प्रेरित किया कि इस लक्ष्य को सामने रखकर अपनी रचनाओं का स जन करे और ऐसा वातावरण तैयार करे जिससे कि इस लक्ष्य की पूर्ति हो सके। उपर्युक्त अध्ययन से स्पष्ट है कि मैकियावली का चिंतन उसके युग में विद्यमान परिस्थितियों से बहुत अधिक प्रभावित था और इसलिए डर्निंग द्वारा जो उसे ष्युग का षिषु की संज्ञा दी गयी है वह काफी – हद तक उचित और उपयुक्त है।

**मैकियावली के चिंतन की प्रमुख विषेशताएँ–**

अध्ययन पद्धति

अपने युग की समस्याओं पर विचार करने के लिए मैकियावली ने एक नया दृश्टिकोण अपनाया । उसका मानना था कि जिसको यह ज्ञात करना है कि भविश्य में क्या होगा, उसे पहले से ज्ञात होना चाहिए कि अतीत में क्या हो चुका है। मैकियावली ने पूर्व वैज्ञानिक तटस्थता की नीति अपनाते हुए अपनी समकालीन परिस्थितियों का गहन अध्ययन किया, उनके बारे में पूरी जानकारी प्राप्त की और उसके आधार पर अपने निश्कर्शो का प्रतिपादन किया। उसकी अध्ययन पद्धति में अनुभववाद एवं इतिहासवाद का सुन्दर समन्वय है। अरस्तु के बाद इस पद्धति को अपनाने वाला मैकियावली पहला व्यक्ति था। इस पद्धति का अनुसरण करते हुए उसने तत्कालीन धर्म भाक्ति को एक गम्भीर चुनौती दी और मानव व्यवहार के पथ प्रदर्षन के रूप में ईश्वरीय नियमों का बहिश्कार करते हुए राजनीति विज्ञान का आधार ही परिवर्तित कर दिया।

षप्रिंसष मैकियावली की पहली महान रचना है जिसमें देवीय और मानीवय तत्वों में स्पश्ट संघर्श दिखलाई देता है और जिसमें पूर्ववर्तियों द्वारा अपनायी गयी प्राचीन सूक्तियों को यह समझकर छोड़ दिया गया कि वे सैद्धान्तिक रूप से बुद्धिहीन और व्यवहारिक रूप से भ्रश्ट करने वाली थी । डर्निंग एवं सेबाईन उसकी पद्धति को विषुद्ध रूप से वैज्ञानिक कम और पर्यवेक्षात्मक अधिक मानते हैं क्योंकि उसने अपनी समकालीन परिस्थितियों की आवष्यकतानुसार कुछ सिद्धान्त पहले से ही निष्चित कर लिए और फिर उनको पुश्ट करने के लिए इतिहास से खोज–खोज कर उदाहरण दिये। उसने एतिहासिक उदाहरणों का प्रयोग अपने स्वतंत्र निश्कर्शो की पुश्टि के लिए किया। एक दृश्टि से यह बड़ा अनैतिहासिक था। उसने स्पश्ट रूप से कहा है कि मानव प्रकृति सदैव ही और सर्वत्र ही एक सी है। अपने इस दृश्टिकोण के कारण उसे जहां से उदाहरण प्राप्त हुए, उन्हें वहीं से ले लिया। उसकी पद्धति निरीक्षणात्मक थी, लेकिन उसका निरीक्षण व्यवहारिक बुद्धि द्वारा निर्दिश्ट होता था । नैतिकता के प्रति मैकियावली की उदासनीता को वैज्ञानिक तटस्थता कहना भी एक दुरूह कल्पना है मैकियावली तटस्थ नहीं था। उसकी दिलचस्पी केवल एक ही साध्य राजनीतिक भक्ति में थी । अन्य सारी बातों के प्रति यह उदासीन था । मैकियावली के राजनीतिक सिद्धान्तों का किसी व्यवस्थित पद्धति से विकास नहीं हुआ। वे विषिश्ट परिस्थितियों के सम्बन्ध में उसके विचारों के आधार पर विकसित हुए। मैकियावली की न तो दर्षन में दिलचस्पी थी और न शक्तिसत्ता के उपयोग से परे कुछ सामान्य सिद्धान्तों के निरूपण में। कभी–कभी वह अपने सिद्धान्तों का वर्जन मान देता है अथवा वह उन्हें स्वतः सिद्ध मान लेता है। फिर भी यह तो मानना ही पड़ेगा कि मैकियावली ने अपने अध्ययन को धार्मिकता,

परम्परावादिता, रूढ़िवादिता और कोरे पांडित्य प्रदर्षन से मुक्त करके उसे एतिहासिक यथार्थवादी और वैज्ञानिक आधार पर किया ।

मैकियावली का चिन्तन राज्य का सिद्धान्त नहीं वरन राज्य की सुरक्षा का सिद्धान्त है

मैकियावली का सम्पूर्ण राजनीतिक चिन्तन राज्य की सुरक्षा एंव राज्य संचालन की कला से सम्बन्धित है। यद्यपि मैकियावली ने अरस्तु अध्ययन की पद्धति का अनुसरण किया फिर भी उनके

चिंतन में मौलिक अन्तर है। अरस्तु का उद्देष्य जहाँ पर षुद्ध राजनीतिक दर्षन का प्रतिपादन और विवेचन राज्य है वहीं मैकियावली का उद्देष्य व्यवहारिक दृश्टि से ऐसे सिद्धान्तों का प्रतिपादन करना है जिन्हें व्यवहार में लाकर एक भाासक अपने राज्य की सुरक्षा और भाासन का सुल संचालन कर सकता है। अरस्तु की तुलना में राज्य के प्रति मैकियावली का दृ श्टिकोण बड़ा संकीर्ण है क्योंकि उसका उद्देष्य केवल भाासन कला का प्रतिपादन करना है अरस्तु की तरह राज्य का सांगोपांग सैद्धान्तिक विवेचन करना नहीं है। अरस्तु के विपरीत उसके चिंतन में हमें क्रमबद्धता का अभाव भी दृश्टिगोचर होता है !

### राजनीति से धर्म और नैतिकता का सम्बन्ध विच्छेद

मैकियावली के चिन्तन में हमारा ध्यान सबसे पहले उसके निशेधात्मक सिद्धान्तों की ओर जाता है। उसके लौकिक और आध्यात्मिक क्षेत्रों के पार्थक्य पर प्रहार किया और प्राकृतिक कानून के सिद्धान्त को अस्वीकार कर दिया। मध्ययुगीन मान्यताओं के विरूद्ध राजनीति को धर्म एंव नैतिकता के बन्धनों से पूर्णतः मुक्त कर दिया। मैकियावली इस मूल धार्मिक मान्यता में विश्वास नहीं करता कि मनुश्य की नियति एक पारलौकिक साध्य की सिद्धि नहीं करना है। उसके अनुसार मनुश्य के सभी साध्य पार्थिव हैं, दिव्य नहीं । भौतिक सम द्धि के अलावा वह जिन मूल्यों को स्वीकार करता है वे सब पार्थिव हैं। ये मूल्य है– महानता, भाक्ति और यष मैकियावली राज्य को साध्य मानता है और धर्म को इस साध्य के साधन की पदवी देता है। मैकियावली का सिद्धान्त धर्म के विरूद्ध नहीं है। उसके विचार से धर्म राज्य की सुख सम द्धि के लिए आवष्यक है। धर्म को महत्वपूर्ण स्थान राज्य के भीतर ही दिया जाएगा उससे बाहर या ऊपर नहीं। राज्य के सम्बन्ध में मैकियावली धर्म, नैतिकता और सामाजिक सदाचार के नियमों को उसी सीमा तक उपयोगी मानता है जिस सीमा तक के राजनीतिक लक्ष्यों की सिद्धि में सहायक होते हैं। इस दृश्टि से मैकियावली इन सिद्धान्तों को स्वीकार करने में संकोच नहीं करता कि ष्साध्य ही साधनों के औचित्य की कसौटी है या ष्क्ति ही सबकुछ है या ष्आवष्यकता कानून को नहीं देखता ।

मैकियावली के चिन्तन की उपर्युक्त विषेशता को देखते हुए स्पश्ट है कि उसे किसी विचारह द्वारा विभेद में विश्वास रखने वालों की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। उसकी अपनी एक अलग विचारह रा है। राजनीति विज्ञान के अन्तर्गत इसे ष्मैकियावलीवादष् के नाम से जाना जाता है। राजनीति में जब इस भाब्द का प्रयोग किया जाता है तो उसका एक विषेश अर्थ होता है। जिसे अधिक स्पश्ट करने की आवष्यकता नहीं होती। नाम से ही उसका अर्थ आप समझ में आ जाता है। मैकियावली के राजनीतिक विचार मैकियावली क्लासिक राजनीतिक

सिद्धान्तवादी नहीं है फिर भी व्यवहारिक राजनीति की पुश्टि करेन के लिए उसने कुछ सिद्धान्तों का सहारा लिया, जिनके माध्यम से हम उसके राजनीतिक विचारों का परिचय पाते हैं ।

इकाई – 5 मैकियावली के चिंतन के प्रमुख विशेषताएँ

मानव स्वभावं रू सार्वभौतिक अहंवाद

मैकियावली ने राजनीति के सम्बन्ध में जो कुछ कहा है, उसके मूल में एक विषिश्ट धारणा कार्य कर रही है। वह धारणा यह है कि मानव प्रकृति मूलतः स्वार्थी है। राजनेता के प्रेरक उद्देष्य सदैव अहंवादी होने चाहिए। जन साधारण सदैव सुरक्षा चाहता है और भासक भाक्ति । भाासन की स्थापना का उद्देष्य ही यह है कि व्यक्ति कमजोर होता है। मनुश्य की प्रकृति बहुत अधिक आक्रमणषील और अर्जनषील है। मनुश्य की इच्छाओं पर कोई नियंत्रण नहीं है। उन पर एक मात्र नियंत्रण प्राकृतिक दुर्बलता का है। प्रिंस के सत्रहवें अध्याय में मनुश्य स्वभाव का चित्रण करते हुए–मैकियावली ने लिखा है, श्सामान्य रूप से मनुष्य के बारे में यह कहा जा सकता है कि वे क तघ्न, ठुल– मुल, झूठे, कायर, लोभी होते हैं।श जब तक आपको सफलता मिलती है, वे पूर्ण रूप से आपके बने रहेगें। वे आपके लिए उस समय तक अपना रक्त, सम्पत्ति, जीवन और बच्चों का बलिदान करने के लिए तैयार रहेंगे जब तक इनकी आवष्यकता दूर रहती है, क्योंकि आवष्यकता शनिकंट आती है तो वे आपके विरूद्ध विद्रोह कर देते हैं मनुश्य किसी से तभी तक प्रेम करते हैं जब तक उनका स्वार्थ सिद्ध होता है, जब उनका स्वार्थ सिद्ध नहीं होता तो वे विद्रोह कर देते हैं।श श्मनुश्य स्वाभाव में सम्पत्ति के प्रति सम्भव की सघनता की ओर संकेत करते हुए वह कहता है कि श्वह अपने पिता की मृत्यु को तो भीघ्र भूल जाता है किन्तु पितृधन की हानि को नहीं भूलता।श फलतः मनुश्य सदैव ही संघर्श एवं प्रतियोगिता की स्थिति में रहते हैं। यदि इस संघर्श एंव प्रतियोगिता पर विधि पर अंकुषल न हो तो समाज में अराजकता फैल सकती है। भांसक की भाक्ति अराजकता की सम्भावना पर और इस धारणा पर कि भाक्तिषाली भासन होने पर ही सुरक्षा कायम रह सकती है. आधारित है। मैं कियावली ने भासन के सम्बन्ध में इस धारणा को स्वतः सिद्धतन किया है।

मैकियावली ने इस बात पर विषेश जोर दिया है कि सफल भाासक को सम्पत्ति और जीवन की सुरक्षा की ओर विषेश ध्यान देना चाहिए क्योंकि मनुश्य की प्रकृति में यही सबसे सार्वभौम इच्छाएं हैं। अत्याचारी भाासक मार सकता है, लूटपाट नहीं कर सकता। मैकियावली की विचारधारा के इस पहलू को जब हम व्यवस्थित मनोविज्ञान के द्वारा पूर्ण करते हैं तो वह हान्स का राजनैतिक दर्षन बन जाता है। मैकियावली की मानव प्रकृति की निकृश्टता अथवा अहम मान्यता में इतनी दिलचस्पी नहीं है जितनी इस बात में कि इन बुराईयों के कारण इटली के समाज की बहुत अधिक अधोगति हो गयी. थी । उसके विचार में इटली भ्रश्ट समाज का सजीव उदाहरण था । भ्रश्टाचार से मैकियावली का अभिप्राय लोगों में व्यक्तित्व, ईमानदारी और निश्ठा के अभाव से है। इन त्रुटियों के कारण लोकषासन असम्भव हो जाता है। भ्रश्टाचार में सब तरह की उच्छष्खलता और हिंसा, धन और सम्पत्ति की विशमताएँ, भाांति और न्याय का नाष, अव्यवस्थित महत्वकांक्षा, फूट, अराजकता, बेईमानी और धर्म के प्रति घष्णा भामिल है। जब आवष्यक गुणों का पतन हो जाता है तो केवल निरंकुष भाकित ही उनकी प्रतिश्ठा कर सकती है। नैतिक भ्रश्टाचार के अतिरिक्त मानव प्रकृत की स्वाभाविक आक्रमणषीलता संघर्श और प्रतियोगिता को प्रत्येक समाज का सामान्य लक्षण बना देती है। प्रत्येक भाासन को पंग–पग पर जिस असफलता का सामना करना

पड़ता है, उसका यही कारण हैरू श्मनुश्य सदैव यह भक्ति करते हैं कि वे यह नहीं जानते कि अपनी आषाओं को कब सीमित किया जाए ।श इसी कारण मैकियावली ने मिश्रित अथवा संतुलित संविधान के प्राचीन सिद्धान्त को फिर से प्रतिश्ठित किया। उसने षडिसकोर्सेजष के आरम्भ में पोलिविलियम की हिस्ट्रीज पुस्तक के छठे अध्याय में वर्णित संविधान चक्र के सिद्धान्त को भाब्दषरू स्वीकार किया है। मैकियावली भासक के द्वारा नियंत्रण में रहता था। इस दिषा में मैकियावली के दर्षन के व्यवस्थित आख्यान के लिए सम्प्रभुता सम्बन्धी उस संकल्पना की आवष्यकता थी जिसका विकास आगे चलकर बोंदा और हाब्स ने किया। मनुश्य चरित्र में व्याप्त कृप्रवषत्तियों के दमन के लिए मैकियावली भासक को सख्ती का प्रयोग करने का परामर्ष देता है। मैकियावली षभय बिन होय न प्रीति के सिद्धान्त में विश्वास करता है, जो भाासक के भाक्तिषाली होने पर ही सम्भव हो सकता है। इसलिए भासक को निरन्तर अपनी भाक्ति को बढ़ाते रहना चाहिए। इसी में उसकी सफलता एवं सुदृढ़ता का रहस्य निहित है।

### धर्म एवं नैतिकता रू नैतिक उदासीनता

राजनीति विज्ञान में सबसे पहले और स्पश्ट रूप से राजनीति से धर्म एवं नैतिकता को प थक करने का श्रेय मैकियावली को प्राप्त है। प्लेटो राजनीतिषास्त्र को नीतिषास्त्र का ही एक अंग मानता था और अरस्तु राज्य को नीतिषास्त्र के लक्ष्यों को प्राप्त करने का एक साधन । राजनीति के क्षेत्र में सर्वप्रथम मार्सिलियों ने धर्म निरपेक्ष विचारधारा का प्रतिपादन किया था, किन्तु वह धर्म को राज्य से अलग नहीं करता। सेबाइन ने इस ओर संकेत करते हुए कहा कि श्मर्सिलियो ने इसाई नैतिकता, को पारलौकिक कहते हुए विवेक की स्वायत्तता का प्रतिरक्षण किया, मैकियावली की दृष्टि में क्योंकि वह पारलौकिक थी, अतः उसने उसे पूर्णतया तिरस्क त किया ।श मैकियावली धार्मिक पचड़ो से बिल्कुल मुक्त है। मैकियावली के चिंतन का मुख्य लक्ष्य राज्य का संरक्षण और उसका विस्तार करना है, जबकि नैतिकता का उद्देष्य मनुश्य के नैतिक विकास से है। उद्देष्य की भिन्नता के कारण राज्य एवं व्यक्ति को एक ही स्तर पर नहीं रखा जा सकता। मैकियावली ने दो प्रकार के नैतिकता का विधान किया है। भाासक के लिए एक प्रकार की नैतिकता और व्यक्तिगत नागरिक के लिए दूसरे प्रकार की। पहले की कसौटी यह है कि वह राज्य की भाक्ति की रक्षा और व द्वि में कहाँ तक सहायक हैं। दूसरे की कसौटी यह है कि वह सामाजिक वर्ग को कहाँ तक भक्ति प्रदान कर पाता है। चूँकि भासक इस वर्ग से बाहर है अथवा उसका इस वर्ग विषेश से सम्बन्ध है, इसलिए वह इस वर्ग में आरोपित की जाने वाली नैतिकता से भी ऊपर है। व्यक्ति एवं राज्य के उद्देष्यों की भिन्नता के कारण व्यक्तिगत नैतिकता का अनुसरण करना राजय के लिए हितकर नहीं है। अतः राज्य के हितों को ध्यान में रखते हुए भाासक उन साधनों का प्रयोग करने के लिए भी स्वतंत्र है, जो व्यक्तिगत नैतिकता की दृश्टि से औचित्यपूर्ण न हो

राज्य की आवष्यकतानुसार धर्म विरूद्ध कार्यों का प्रबल समर्थक होते हए भी मैकियावली धर्म एवं नैतिकता का राजनीति पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों का बड़ा हिमायती रहा है। भासक साध्य को प्राप्त करने के लिए अनैतिक साधनों का प्रयोग कर सकता है लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि जनता का नैतिक भ्रश्टाचार श्रेश्ठ भाासन का निर्माण असम्भव कर देता है। उसका कथन है कि श्धार्मिक नियमों का पालन गणराज्यों की महानता का कारण होता है। इसकी उपेक्षा राज्यों के विनाष को उत्पन्न करती है। जहाँ ईश्वर का भय

नहीं होता, वहाँ यदि राजा का भी भय हो तो राज्य जल्दी नश्ट हो जाएगा। राज्य का भय कुछ समय के लिए धर्म के अभाव की पूर्ति कर सकता है। किन्तु राजाओं का जीवन क्षण भंगुर होता है। जो राजा एवं गणराज्य अपने को बनाये रखना चाहते हैं उन्हें धार्मिक विधियों की पवित्रता को सुरक्षित रखना चाहिए, इनके प्रति उचित श्रद्धा का व्यवहार करना चाहिए। सब मनुश्यों में सबसे अधिक प्रषंसा के योग्य वे ही व्यक्ति हैं जिन्होंने धर्म की स्थापना की है। इसके बाद गणराज्यों और राज्यों के संस्थापकों की स्तुति की जाती है।श भासक के दण्ड के भय के आलावा राज्य सेवा के लिए कुछ और प्रेरणा होनी चाहिए ताकि आज्ञापालन करते समय नागरिक उत्साह अनुभव करे और ऐसी परिस्थितियों में भी उसकी निश्ठा पर कोई आँच न आये जब वे आँख बचाकर अवज्ञा कर सकते हों और उनकी चोरी पकड़े जाने का अंदेषा न हो। यह प्रेरणा धर्म प्रदान करता है। मैकियावली इसाई धर्म के साथ–साथ पोप को इटली के एकता में सबसे बड़ा बाधक मानता था । उसने लिखा कि शहम इटालियन रोम के चर्च और पुरोहित के कारण अधार्मिक ही नहीं हुए अपितु वह हमार विनाष का कारण भी है। उसने हमारे देष को विभक्त कर रखा है।श चर्च एवं धर्म के सम्बन्ध में उसकी मान्यता थी कि वे राज्य से स्वतंत्र एवं उच्च नहीं होने चाहिए वरन् राज्य के उद्देष्यों की पूर्ति के साधनों के रूप में उन्हें राज्य के अधीन होने चाहए।

### राज्य एवं भासन सम्बन्धी विचार

मैकियावली ने राज्य की उत्पत्ति का कारण मनुश्य के स्वार्थ को बताया है। अरस्तु के विपरीत राज्य प्राकृतिक संस्था न होकर मानवीक त और क त्रिम संस्था हैं। वह कहता है शमनुश्य का स्वार्थ और भाक्ति की आकांक्षा राज्य को जन्म देती है और इसलिए राज्य को अपने अस्तित्व को बनाये रखने के लिए मनुश्य की इन आकांक्षाओं की निरन्तर पूर्ति करते रहना चाहिए, क्योंकि उसकी मान्यता है कि अगर उसका विस्तार रूक गया तो उसका विनाष हो जायेगा। जब सभी मानवीय व्यवहार गतिषील हैं तो राज्य के लिए निष्चल पड़ा रहना सम्भव नहीं है। या तो वह अपने आप का विस्तार करे नहीं तो उसका विनाष अनिवार्य हैं।श राज्य के सम्बन्ध में मैकियावली की संकल्पना सजीव सत्ता के अनुरूप है। कोई राज्य किसी विषेश संरचना के आधार पर संगठित होकर राज्य बना है जैसा कि भारीर भी अपने अंगों के विषेश संरचना के आधार पर सावयव सत्ता का रूप ध धारण करता है। राज्य के संदर्भ में यह संरचना उन कानूनों और संस्थाओं से बनती है जिनके द्वारा लोगों पर भासन किया जाता है। स्वतंत्र एवं परतंत्र राज्य का भेद इस बात पर निर्भर है कि नागरिक इन कानूनों का पालन स्वेच्छा से करते हैं या विवष होकर । मैकियावली राज्य को परिवर्तनषील मानता है, जिसका उत्थान और पतन होता है। इस दृश्टि से वह राज्यों के दो रूप बतलाता है । (1) स्वस्थ राज्य और (2) अस्वस्थ राज्य । स्वस्थ राज्य निरन्तर गतिषील एवं एकताबद्ध होता है । अस्वस्थ राज्य एक ऐसा राज्य होता है जो गतिहीन होता है और उसका विकास अवरूद्ध होता है।

बहुत से प्राचीन यूनानी – रोमन विचारकों की भाँति मैकियावली भी सरकार अथवा भासन तंत्र के छः प्रकार स्वीकार करता है। उनमें से तीन सभी प्रकार से बुरे हैं और अन्य तीन अपने आप में अच्छे हैं। लेकिन इन्हें बनाये रखना कठिन है, इसलिए वे भी घातक बन जाते हैं। हर शबुराश भासन तन्त्र अपने समवर्ती अच्छे भासन तंत्र से इस बात में समान होता है कि वे सहजता से एक दूसरे मं बदल जाते हैं, यथा राजतंत्र निरंकुष तंत्र में अभिजात तंत्र अल्प तंत्र में और जनतंत्र पूर्ण उच्छृंखलता, यानी भीड़तंत्र में ! उपरोक्त रूप एक निष्चित

क्रम में बदलते है। आरम्भ में यह परिवर्तन श्रृंखला इस प्रकार थी रू राजतंत्र, निरंकुष तंत्र, अभिजातंत्र, अल्पतंत्र, जनतंत्र और भीड़तंत्र द्य यह वह चक्र है जिसके अन्दर सभी राज्यों के भासन घूमे हैं और घूम रहे हैं किन्तु वे उस भासन तंत्र की ओर विरले ही लौटते हैं, जिससे निकले हैं, क्योंकि उनमें से विस्लों में ही इतनी भाक्ति बची रह पाती है कि नश्ट हुए बिना इस चक्र से कई बार गुजर सकें। भासन पद्धतियों के चक्रानुक्रम की यह संकल्पना स्पश्टतः प्राचीन राजनीतिक विचारकों, प्लेटो, अरस्तु, पोलिथियस से उधार ली गयी है. किन्तु नई ऐतिहासिक परिस्थितियों के दृश्टिगत मैकियावली ने उसमें कई महत्वपूर्ण संषोधन किये हैं। मैकियावली ६ धर्मषास्त्रीय व्याख्याओं को अमान्य ठहराकर राजनीति के युद्ध आनुभाविक, लौकिक तत्वों को ढूंढने का प्रयास करते हैं। वह भासन पद्धतियों के परिवर्तन को देवी इच्छा से नहीं, अपितु किन्हीं निष्चित पद्धतियों और भाक्ति संतुलनों की नियम संगत पुनरावृत्तियों वसे सम्बद्ध मानते हैं। उनके अनुसार यह इसी का परिणाम है कि कभी राजा सत्ता में आता है, कभी अभिजात वर्ग और कभी जनता । मैकियावली राजतंत्र, अभिजात तंत्र और जनतंत्र इन तीनों को मिलाकर बनायी गयी भासन पद्धति को सर्वोत्तम मानते हैं क्योंकि उनमें से हर एक दूसरे पर नियंत्रण एवं निगरानी रखता है।

## गणतंत्रवाद एवं राश्ट्रवाद

